सत्यमेव जयते

राज्य चुनाव आयोग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
निगम भवन, कश्मीरी गेट, दिल्ली–110006

नं.–एफ 4/वाई (4)/रा. चु. आ./विधि/2025/20900 दिनांक–08/10/2025

## सार्वजनिक सूचना

**विषयः दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों के उप–चुनाव मतदान केंद्रों की सूची का प्रारूप प्रकाशन।**

सामान्य जनता एवं राजनीतिक दलों की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों में पार्षदों के आकस्मिक रिक्त पदों को भरने के लिए उप–चुनाव निकट भविष्य में आयोजित किए जाएंगे।

इन उप–चुनावों के लिए, आयोग ने उन विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों को अपनाया है जो इन 12 वार्डों से संबंधित हैं और जो जनवरी 2025 में "01.01.2025" की अहर्ता तिथि के आधार पर अंतिम रूप से प्रकाशित की गई हैं तथा वर्तमान में प्रभावी हैं। यह कार्य दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 की धारा 7ई के प्रावधान के अंतर्गत आयोग को प्रदत्त शक्तियों तथा दिल्ली नगर निगम (निर्वाचक नामावलियों की तैयारी) नियम, 1975 के नियम 27 के अंतर्गत किया गया है।

दिल्ली नगर निगम (पार्षदों का निर्वाचन) नियम, 2012 के नियम 10 के अंतर्गत, संबंधित 12 वार्डों के रिटर्निंग अधिकारियों ने मतदान क्षेत्रों, निर्धारित मतदाताओं एवं जिन भवनों में मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे, उन भवनों को दर्शाते हुए मतदान केंद्रों की प्रारूप सूची तैयार की है।

उपरोक्त प्रारूप सूचियाँ अब जनता और अन्य संबंधित पक्षों से आपत्तियाँ/सुझाव आमंत्रित करने के लिए दिनांक 9 अक्टूबर 2025 से 11 अक्टूबर 2025 दोपहर 03:00 बजे तक संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों के कार्यालयों में प्रकाशित की जा रही हैं। ये सूचियाँ सभी कार्यदिवसों में कार्यालय समय के दौरान जनता के निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगी।

आपत्तियाँ/सुझाव आदि दिनांक 11 अक्टूबर 2025 दोपहर 03:00 बजे तक संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को प्रस्तुत किए जा सकते हैं, जिनके पदनाम एवं कार्यालय पते नीचे तालिका में दिए गए हैं:–

| क्रं. सं. | रिटर्निंग अधिकारियों के नाम, पदनाम एवं कार्यालय का पता | मोबाईल नं. | वार्ड नं. एवं नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | एस.डी.एम. (मुख्यालय), उत्तर–पश्चिम, उपायुक्त कार्यालय, कंझावला, दिल्ली – 110081 | 9953053124 | 35 – मुंडका |
| 2. | एडीएम, उत्तर–पश्चिम, कमरा नं. –28, उपायुक्त कार्यालय, कंझावला, दिल्ली – 110081 | 8376812848 | 56 – शालीमार बाग–बी |
| 3. | एस.डी.एम. (मुख्यालय–2), आयुक्त कार्यालय, 5 शाम नाथ मार्ग, दिल्ली – 110054 | 8266800601 | 65 – अशोक विहार |
| 4. | सहायक आयुक्त (खाद्य एवं आपूर्ति), केंद्रीय, कमरा नं. 209, के ब्लॉक, विकास भवन, आई.टी. ओ. नई दिल्ली – 110002 | 9354691664 | 74 – चांदनी चौक |
| 5. | एडीएम (सेंट्रल), उपायुक्त कार्यालय, सेंट्रल जिला, 14 दरियागंज, नई दिल्ली – 110002 | 7503890431 | 76 – चांदनी महल |
| 6. | एस.डी.एम. (कापसहेड़ा), कमरा नं. 39, उपायुक्त कार्यालय, (दक्षिण–पश्चिम), ओल्ड टर्मिनल टैक्स बिल्डिंग, कापसहेड़ा, नई दिल्ली – 110037 | 8004873293 | 120 – द्वारका बी |
| 7. | एस.डी.एम. (नजफगढ़), कमरा नं. 3, तूडा मंडी, नई दिल्ली – 110097 | 9975062659 | 128 – दिचाऊं कलां |
| 8. | एस.डी.एम. (वसंत विहार), 6 फ्लोर, पालिका भवन, सेक्टर–13, आर. के. पुरम, नई दिल्ली – 110066 | 9711055802 | 139 – नारायणा |
| 9. | एस.डी.एम. (मुख्यालय) दक्षिण, कमरा नं. 104, प्रथम तल, जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय, (दक्षिण) एम.बी. रोड, साकेत, नई दिल्ली – 110064 | 8447334522 | 163 – संगम विहार–ए<br>164 – दक्षिण पुरी |
| 10. | एडीएम (नई दिल्ली), 12/1, जामनगर हाउस, शाहजहाँ रोड, नई दिल्ली – 110011 | 9599896607 | 173 – ग्रेटर कैलाश |
| 11. | एडीएम (पूर्वी), कमरा नं. 6, उपायुक्त कार्यालय, पूर्वी जिला, एल.एम. बांध रोड, शास्त्री नगर, दिल्ली – 110031 | 9818322208 | 198 – विनोद नगर |

आदेश्वर कांत

(आदेश्वर कांत)
प्रभारी सचिव